**C.C.D.P.S.(Junior Wing) Annual Exam (Hindi worksheet ) CLASS-III SEC: ___**
**Name:_________________ Roll No.________ Date:___________ Session:2025-26**

## खंड - क : पठन कौशल

प्रश्न १- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर दीजिए।

**साफ़-सफ़ाई की आदत**

**परिचय**

रवि कक्षा तीन का छात्र था। वह होशियार और चतुर था, लेकिन साफ़-सफ़ाई पर ज़्यादा ध्यान नहीं देता था।

**समस्या**

विद्यालय में स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा था। रवि अक्सर कक्षा में कागज़ फेंक देता था, जिससे कक्षा गंदी रहती थी।

**समाधान**

एक दिन अध्यापिका ने उसे समझाया कि कक्षा में इधर-उधर कूड़ा डालना अच्छी बात नहीं है।गंदगी से कई बीमारियाँ फैलती हैं। रवि ने अपनी गलती मानी और कचरा कूड़ेदान में डालने की आदत बना ली।

**परिणाम**

धीरे-धीरे पूरी कक्षा साफ़ रहने लगी। अध्यापिका ने रवि की आदत में सुधार के लिए उसकी प्रशंसा की।

**सीख**

साफ़-सफ़ाई रखने से हम स्वस्थ रहते हैं और अच्छा वातावरण बनता है।

प्रश्न - सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

प्रश्न -१ रवि कैसा छात्र था?

क . होशियार ( ) ख. चतुर ( ) ग. क व ख दोनों ( )

प्रश्न - २ विद्यालय में क्या मनाया जा रहा था?

क. स्वच्छता दिवस ( ) ख. स्वच्छता सप्ताह ( ) ग. स्वास्थ्य दिवस ( )

प्रश्न -३ उसकी मुख्य समस्या क्या थी?

क. कक्षा में कागज़ फेंकना ( ) ख. कूड़ा डालने की ( ) ग. पढ़ने की ( )

प्रश्न -४ विलोम शब्द लिखिए।

क. निंदा - ख. कम -

प्रश्न - ५ अध्यापिका के समझाने से रवि के व्यवहार में क्या बदलाव आया ?

उत्तर -

प्रश्न - ६ इस घटना से आपने क्या सीखा?

उत्तर -

प्रश्न २- निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

फूलों से सीखो मुस्काना,
काँटों में भी खिल जाना।
मुश्किल आए जीवन में तो,
हिम्मत कभी न हार जाना।
सूरज रोज़ सिखाता हमको,
समय पर उठना, चमकना।
मेहनत से जो आगे बढ़ता,
उसका होता है दमकना।

**(सुभद्रा कुमारी चौहान)**

प्रश्न १. जीवन में मुश्किल आने पर क्या करना चाहिए

क) रोना। ( ) ख) डर जाना ( ) ग) हिम्मत न हारना ( )

प्रश्न २. सूरज हमें क्या सिखाता है?

क) देर से उठना ( ) ख) समय पर उठना और चमकना ( ) ग) सोते रहना ( )

प्रश्न -३ कविता के अनुसार कौन आगे बढ़ता है?

क) जो आलस करता है। ( ) ख) मेहनत करता है ( ) ग)जो डरता है ( )

प्रश्न -४ समान तुक वाले शब्द लिखिए।

क. मुस्काना - ख. चमकना -

प्रश्न ५. दी गई कविता के कवि का नाम लिखिए।

उत्तर -

## <u>खंड - ख : व्याकरण</u>

प्रश्न-१. सही उत्तर पर सही (✅)का निशान लगाइए:-

१ नाम वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

(क) सर्वनाम ( ) (ख) संज्ञा ( ) (ग) विशेषण ( )

२. सही अनुनासिक शब्द________ है-

(क) चाँदनी ( ) (ख) ध्वनि ( ) (ग) संज्ञा ( )

३. राधा बगीचे में बैठी है।- इस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा है-

(क) बगीचे ( ) (ख) बैठी है ( ) (ग) राधा ( )

४. 'उसे गाजर खाना पसंद है। '- वाक्य में सर्वनाम बताइए-

(क) उसे ( ) (ख) खाना ( ) (ग) पसंद ( )

५. कौन - सा शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है-

(क) क्या ( ) (ख) हम ( ) (ग) कुछ ( )

प्रश्न-२.(क) मेरे पास पीली कमीज़ है। -इस वाक्य में विशेष्य व विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

उत्तर - विशेषण-                                    विशेष्य-

प्रश्न-(ख) 'माँ ने <u>पाँच</u> <u>किलो</u> चावल खरीदे।'- वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण का कौन - सा भेद है?

उत्तर -

प्रश्न-३. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

(क) सूर्य का निकलना -

(ख) जो ईश्वर पर विश्वास रखे -

प्रश्न-४. (क) कोष्ठक में दिए गए शब्द का लिंग बदलकर खाली स्थान भरिए।

१. मैं कल ____________ गाड़ी पर बैठी थी।      ( घोड़ी )

(ख) रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए-

१. <u>बंदर</u> केला लेकर भाग गया।

उत्तर -

प्रश्न-५. (क) दिए गए शब्द का वचन बदलिए।

१.रोटी -

(ख) रेखांकित शब्द का वचन बदल कर वाक्य दुबारा लिखिए।

१. मेज़ पर <u>किताब</u> रखी है।

उत्तर-

प्रश्न-६.(क) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए ।

क. वर्ण दो प्रकार के होते हैं।      (   )

ख. तितलियाँ शब्द एकवचन है ।  (   )

प्रश्न-(ख) पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क. समुद्र -                          ख. पर्वत -

प्रश्न ७. (क) दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें -

१. घुटने टेक लेना-    अर्थ -

वाक्य -

ख)- दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए।

१. फूला न समाना -

२. आड़े हाथों लेना -

प्रश्न- ८.(क) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम से खाली स्थान भरिए।

(१.)   सब <u>अमृत</u> पीना चाहते हैं,___________ नहीं।

(२.)   कुछ दिन पहले मैं <u>अस्वस्थ</u> था। पर अब मैं____________ हूँ।

प्रश्न- (ख) उचित क्रिया शब्द लिख कर रिक्त स्थान भरिए।

१. हाथी नदी में पानी______________ है।  (खा रहा / पी रहा)

२. मेरी नानी हमारे घर ________________। ( जाएगी  / आएगी  )

प्रश्न -(ग) दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनकर लिखिए।

१. पिताजी मेरे लिए खिलौने लाएँगे।

२. शेर जंगल में घूम रहा है।

प्रश्न-९.(क) दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

१. लीजीए- २. वापिस -

प्रश्न-(ख) दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

क. तेर को क्या काम हैं

ख. दाल में कोई गिर गया है।

## <u>खंड - ग : रचनात्मक लेखन</u>

प्र० -१०. सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न-११. स्कूल से पिकनिक पर चिड़ियाघर जाने के बारे में दो मित्रों के बीच का संवाद लिखिए।

पहला मित्र -

दूसरा मित्र -

पहला मित्र -

दूसरा मित्र -

पहला मित्र -

दूसरा मित्र -

पहला मित्र -

दूसरा मित्र -

प्रश्न-१२. दिए गए कहानी के वाक्यों का सही क्रम लिखिए।

[ ] मुरगी को मार कर वह बहुत पछताया।
[ ] किसान लालची था, उसे ज़्यादा अंडे चाहिए थे।
[ ] ज़्यादा अंडों के लालच में उसने मुरगी को मार दिया।
[ ] मुरगी रोज़ सोने का एक अंडा देती थी।
[ ] एक किसान के पास एक जादुई मुरगी थी।
[ ] क्योंकि उसे मुरगी को मारकर कोई अंडा नहीं मिला।

प्रश्न-१३. दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके अनुसार चित्र बनाइए।

- सबसे पहले एक घर बनाइए।
- घर के अंदर दो खिड़की और एक दरवाज़ा बनाइए।
- घर के आगे एक नदी बनाइए।
- घर के बाएँ तरफ़ एक पेड़ बनाइए।
- घर के दाएँ तरफ़ घास बनाइए।
- घर के ऊपर आकाश में चाँद और सितारे बनाइए।

**खंड - घ साहित्य**

प्रश्न-१४.(क)- दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

इस बार भालू ने किसान को पाठ पढ़ाने की सोची। उसने किसान से कहा," भूमि के सबसे ऊपर और भूमि के नीचे की उपज मेरी।" किसान मान गया ।

प्रश्न-१ किसने, किसको पाठ पढ़ाने की सोची ?

उत्तर -

प्र०-२ दिए गए शब्दों के पर्यायवाची गद्यांश में से लिखिए।

निम्न - धरती -

प्र०-३.दिए गए शब्द का वाक्य में प्रयोग करिए।

पाठ -

प्रश्न -(ख) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

एक विद्यार्थी - वैज्ञानिकों को इतनी दूर जाकर पानी का पता लगाने की क्या आवश्यकता थी ? हमारे घर के आस-पास पानी से भरे तीन -चार पोखर हैं।

एक अन्य विद्यार्थी- वे पानी लेने नहीं,वे तो चाँद के रहस्यों का पता लगाने गए थे।

प्रश्न-१. कौन चाँद के रहस्यों का पता लगाने गए थे?

उत्तर -

प्रश्न-२. दिए गए शब्द का विलोम गद्यांश में से लिखिए।

पास -

प्रश्न-३. खाली स्थान भरिए।

हमारे घर के ___________ पानी से भरे तीन-चार पोखर हैं।

प्रश्न -(ग) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़कर लिखिए।

गंगा यमुना की है धारा,
जिनसे है पवित्र जग सारा।
अन्न, फूल,फल,जल हैं प्यारे,
तुझमें रत्न जवाहर न्यारे!

प्रश्न-१. गंगा यमुना की धारा कैसी है?

उत्तर

प्रश्न-२. दिए गए शब्द का समान तुक वाला शब्द पद्यांश में से लिखिए।

धारा - प्यारे-

प्रश्न-३. दिए गए शब्द का वाक्य में प्रयोग करिए।

जल -

प्रश्न -१५. (क) कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।

हम सदैव तेरा ,
सब विधि तेरा__________बढ़ाएँ ।

प्रश्न- (ख) फली के रूप में खाई जाने वाली दो सब्ज़ियों के नाम लिखिए।

उत्तर - १. २.

प्रश्न- १६. तीसरी बार भालू ने किसान से क्या कहा?

उत्तर -

या

प्रश्न - यदि आप भालू की जगह होते तो क्या करते?

उत्तर-

प्रश्न -१७. वैज्ञानिक चाँद पर यान क्यों भेजते हैं?

उत्तर -

या

प्रश्न - चाँद पर अब तक कितने यान गए हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर -